futuretopper.in

Series JBB/4 **SET-3**

कोड नं.
Code No. **32/4/3**

रोल नं.
Roll No.

परीक्षार्थी कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।

Candidates must write the Code on the title page of the answer-book.

	नोट		NOTE
(I)	कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **17 + 1** मानचित्र हैं ।	(I)	Please check that this question paper contains **17** printed pages **+ 1** Map.
(II)	प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।	(II)	Code number given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.
(III)	कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **35** प्रश्न हैं ।	(III)	Please check that this question paper contains **35** questions.
(IV)	कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।	(IV)	Please write down the Serial Number of the question in the answer-book before attempting it.
(V)	इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।	(V)	15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.

सामाजिक विज्ञान

SOCIAL SCIENCE

निर्धारित समय : 3 घण्टे *अधिकतम अंक : 80*

Time allowed : 3 hours *Maximum Marks : 80*

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

futuretopper.in

सामान्य निर्देश :

निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका सख़्ती से पालन कीजिए :

(i) *प्रश्न-पत्र* ***चार*** *खण्डों में विभाजित किया गया है –* ***क, ख, ग*** *एवं* ***घ*** *। इस प्रश्न-पत्र में प्रश्नों की संख्या* ***35*** *है ।* ***सभी*** *प्रश्न अनिवार्य हैं ।*

(ii) ***खण्ड क*** *में प्रश्न संख्या* ***1*** *से* ***20*** *तक अति लघु-उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं, प्रत्येक प्रश्न* ***1*** *अंक का है ।*

(iii) ***खण्ड ख*** *में प्रश्न संख्या* ***21*** *से* ***28*** *तक लघु-उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं, प्रत्येक प्रश्न* ***3*** *अंक का है । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर* ***80*** *शब्दों में लिखिए ।*

(iv) ***खण्ड ग*** *में प्रश्न संख्या* ***29*** *से* ***34*** *तक दीर्घ-उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं, प्रत्येक प्रश्न* ***5*** *अंक का है । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर* ***120*** *शब्दों में लिखिए ।*

(v) ***खण्ड घ*** *में प्रश्न संख्या* ***35*** *मानचित्र आधारित है । यह प्रश्न* ***6*** *अंक का है, जो कि इतिहास से* ***(35(a) – 2*** *अंक) तथा भूगोल* ***(35(b) – 4*** *अंक) से संबंधित है ।*

(vi) *उत्तर संक्षिप्त तथा बिन्दुवार होने चाहिए और साथ ही उपर्युक्त शब्द सीमा का यथासंभव पालन कीजिए ।*

(vii) *प्रश्न-पत्र में समग्र पर कोई विकल्प नहीं है । तथापि, कुछ प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं । ऐसे प्रश्नों में से* ***केवल एक ही विकल्प का उत्तर*** *लिखिए ।*

(viii) ***मानचित्र*** *को अपनी उत्तर-पुस्तिका के साथ नत्थी कीजिए ।*

(ix) *इसके अतिरिक्त, आवश्यकतानुसार, प्रत्येक खण्ड और प्रश्न के साथ यथोचित निर्देश दिए गए हैं ।*

खण्ड क

1. निम्नलिखित में से सही सुमेलित विकल्प का चयन कीजिए : *1*

	स्तम्भ I (व्यक्ति की श्रेणी)		*स्तम्भ II (विकास के लक्ष्य)*
(A)	किसान जो खेती के लिए केवल वर्षा पर निर्भर हैं	—	काम करने के अधिक दिन तथा बेहतर मज़दूरी
(B)	भूमिहीन ग्रामीण मज़दूर	—	किसानों को उनकी उपज के लिए ज़्यादा समर्थन मूल्य
(C)	पंजाब के समृद्ध किसान	—	नियंत्रित वेतन
(D)	नर्मदा घाटी का एक आदिवासी	—	जीविका उपार्जन की पूर्ति

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

futuretopper.in

General Instructions :

Read the following instructions very carefully and strictly follow them :

(i) *Question paper comprises* ***four*** *Sections –* ***A****,* ***B****,* ***C*** *and* ***D****. There are* ***35*** *questions in the question paper.* ***All*** *questions are compulsory.*

(ii) ***Section A*** *– Question no.* ***1*** *to* ***20*** *are very short answer type questions, carrying* ***1*** *mark each.*

(iii) ***Section B*** *– Question no.* ***21*** *to* ***28*** *are short answer type questions, carrying* ***3*** *marks each. Answer to each question should not exceed* ***80*** *words.*

(iv) ***Section C*** *– Question no.* ***29*** *to* ***34*** *are long answer type questions, carrying* ***5*** *marks each. Answer to each question should not exceed* ***120*** *words.*

(v) ***Section D*** *– Question no.* ***35*** *is map based, carrying* ***6*** *marks with two parts,* ***35(a)*** *from History (****2*** *marks) and* ***35(b)*** *from Geography (****4*** *marks).*

(vi) *Answers should be brief and to the point; also the above word limit be adhered to as far as possible.*

(vii) *There is no overall choice in the question paper. However, an internal choice has been provided in few questions.* ***Only one of the choices*** *in such questions have to be attempted.*

(viii) *Attach* ***map*** *along with your answer-book.*

(ix) *In addition to this, separate instructions are given with each section and question, wherever necessary.*

SECTION A

1. Choose the correctly matched option from the following : *1*

	Column I (Category of Person)		*Column II (Development Goal)*
(A)	Farmers who depend only on rain for growing crops	—	More days of work and better wages
(B)	Landless rural labourers	—	Higher support prices for their crops
(C)	Prosperous farmers from Punjab	—	Regular wages
(D)	An Adivasi from Narmada Valley	—	To fulfil livelihood

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

2. 1917 में गुजरात के खेड़ा जिले में गाँधीजी ने सत्याग्रह का आयोजन क्यों किया ? प्रमुख कारण लिखिए । *1*

3. भारत में तृतीयक क्षेत्रक इतना महत्त्वपूर्ण क्यों हो रहा है ? प्रमुख कारण स्पष्ट कीजिए । *1*

अथवा

रोज़गार के संदर्भ में संगठित क्षेत्रक की प्रमुख सुविधा को स्पष्ट कीजिए । *1*

4. तालिका का अध्ययन कीजिए तथा नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए :

हरियाणा, केरल और बिहार के कुछ तुलनात्मक आँकड़े

राज्य	शिशु मृत्यु दर प्रति 1,000 व्यक्ति (2016)	साक्षरता दर % (2011)	निवल उपस्थिति अनुपात (प्रति 100 व्यक्ति) उच्चतर स्तर (आयु 14 तथा 15 वर्ष) 2013 – 14
हरियाणा	33	82	61
केरल	10	94	83
बिहार	38	62	43

प्रश्न :

किस राज्य का उच्चतर स्तर पर निवल उपस्थिति का अनुपात सबसे कम है ? *1*

5. रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए : *1*

1871 के बाद दक्षिण-पूर्वी यूरोप में गंभीर राष्ट्रवादी तनाव का स्रोत _____ क्षेत्र था ।

6. उन्नीसवीं शताब्दी के आरम्भ में 'शम्सुल अख़बार' निम्नलिखित भाषाओं में से किसमें लिखा गया था ? *1*

(A) उर्दू

(B) फ़ारसी

(C) अरबी

(D) स्वाहिली

7. 868 ई. में छपी जापान की सबसे पुरानी पुस्तक निम्नलिखित में से कौन-सी थी ? *1*

(A) बाइबिल

(B) डायमंड सूत्र

(C) कोकोरो

(D) कोजिकी

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

futuretopper.in

2. Why did Gandhiji organize Satyagraha in the Kheda district of Gujarat in 1917 ? Give the main reason. *1*

3. Why is the tertiary sector becoming so important in India ? Explain the main reason. *1*

OR

Explain the main advantage of organised sector in respect of employment. *1*

4. Study the table and answer the question given below :

Some Comparative Data on Haryana, Kerala and Bihar

State	Infant Mortality Rate per 1,000 live births (2016)	Literacy Rate % (2011)	Net Attendance Ratio (per 100 persons) Secondary stage (age 14 and 15 years) 2013 – 14
Haryana	33	82	61
Kerala	10	94	83
Bihar	38	62	43

Question :

Which State has the lowest net attendance ratio at Secondary stage ? *1*

5. Fill in the blank : *1*

The most serious source of nationalist tension in South-eastern Europe after 1871 was the area called _____ .

6. In early nineteenth century 'Shamsul Akhbar' was written in which one of the following languages ? *1*

(A) Urdu
(B) Persian
(C) Arbi
(D) Swahili

7. Which one of the following was the oldest Japanese book printed in 868 AD ? *1*

(A) Bible
(B) Diamond Sutra
(C) Kokoro
(D) Kojiki

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

futuretopper.in

8. "भारतीय समाज में जाति प्रथा अभी भी प्रचलित है ।" इसे समाप्त करने के लिए कोई एक उपाय सुझाइए । *1*

अथवा

"भारत में कभी-कभी चुनाव जातियों पर ही निर्भर करते हैं ।" इस स्थिति से छुटकारा कैसे पाया जा सकता है ? *1*

9. श्रीलंका में निम्नलिखित में से कौन-सा बहुसंख्यक वर्ग है ? *1*

(A) तमिल
(B) ईसाई
(C) सिंहली
(D) मुस्लिम

10. सत्ता की साझेदारी क्यों आवश्यक है ? एक कारण स्पष्ट कीजिए । *1*

अथवा

एक लोकतांत्रिक देश के प्रशासन में विविध सामाजिक समूहों को हिस्सेदारी देने की आवश्यकता क्यों है ? कोई एक कारण लिखिए । *1*

11. बेल्जियम की 'सामुदायिक सरकार' में निम्नलिखित में से किसके मध्य सत्ता में साझेदारी है ? *1*

(A) विभिन्न सामाजिक समूहों के मध्य
(B) शासन के विभिन्न अंगों के मध्य
(C) केन्द्र और राज्य सरकार के मध्य
(D) राज्य सरकार और सामुदायिक सरकार के मध्य

12. रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए : *1*

कोयला और पेट्रोलियम ऊर्जा के _____ स्रोत हैं ।

13. मुद्रण युग से पूर्व भारत में पाण्डुलिपियाँ व्यापक उपयोग में क्यों नहीं थीं ? *1*

14. '*हिन्द स्वराज*' के लेखक कौन थे ? *1*

अथवा

'*आनन्दमठ*' उपन्यास के लेखक कौन थे ? *1*

15. निम्नलिखित में से सही सुमेलित जोड़े का चयन कीजिए : *1*

(A) कलोल तेल-क्षेत्र — गुजरात
(B) बॉक्साइट की खानें — महाराष्ट्र
(C) चन्द्रपुर तापीय ऊर्जा संयंत्र — ओडिशा
(D) मयूरभंज लोह अयस्क की खानें — झारखंड

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

futuretopper.in

8. "Caste system is still prevalant in the Indian society." Suggest any one measure to abolish it. *1*

OR

"Sometimes elections are all about caste in India." How can this situation be avoided ? *1*

9. Which of the following is the majority group in Sri Lanka ? *1*

(A) Tamils

(B) Christians

(C) Sinhalese

(D) Muslims

10. Why is power sharing desirable ? Explain one reason. *1*

OR

Why is there a need to give space to diverse social groups in the administration of a democratic country ? Give any one reason. *1*

11. Under which of the following is power shared in the 'Community Government' of Belgium ? *1*

(A) Different social groups

(B) Different organs of government

(C) Central and State government

(D) State government and Community government

12. Fill in the blank : *1*

Coal and Petroleum are _____ sources of energy.

13. Why were manuscripts not widely used in India before the age of print ? *1*

14. Who was the author of *'Hind Swaraj'* ? *1*

OR

Who was the author of the novel *'Anandmath'* ? *1*

15. Choose the correctly matched pair from the following : *1*

(A) Kalol Oil-fields — Gujarat

(B) Bauxite Mines — Maharashtra

(C) Chandrapur Thermal Power Plant — Odisha

(D) Mayurbhanj Iron Ore Mines — Jharkhand

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

futuretopper.in

16. नरोरा आण्विक ऊर्जा संयंत्र निम्नलिखित में से किस राज्य में स्थित है ? *1*

(A) कर्नाटक

(B) केरल

(C) तमिल नाडु

(D) उत्तर प्रदेश

17. उस समुद्री-पत्तन का नाम लिखिए जिसका विकास मुम्बई पत्तन के बढ़ते भार से छुटकारा पाने के लिए किया गया । *1*

अथवा

उस समुद्री-पत्तन का नाम लिखिए जिसका विकास कोलकाता पत्तन के बढ़ते भार से छुटकारा पाने के लिए किया गया । *1*

18. उपयुक्त सूचना से निम्नलिखित तालिका के रिक्त स्थानों को पूरा कीजिए : $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}=1$

समाप्यता के आधार पर संसाधन

संसाधन	**उदाहरण / प्रकार**
(A)	सौर तथा पवन ऊर्जा
(B)	खनिज और जीवाश्म ईंधन

19. भारत में सीमांत कृषकों की आय में वृद्धि का कोई एक उपाय सुझाइए । *1*

20. निम्नलिखित में से किसे 1871 में जर्मनी का प्रथम सम्राट घोषित किया गया ? *1*

(A) विलियम प्रथम

(B) विलियम द्वितीय

(C) फ्रेडरीख विल्हेम प्रथम

(D) फ्रेडरीख विल्हेम चतुर्थ

खण्ड ख

21. भारत में केन्द्र और राज्यों के बीच सत्ता के बँटवारे की किन्हीं तीन विशेषताओं का वर्णन कीजिए । *1×3=3*

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

futuretopper.in

16. In which of the following States is Narora Nuclear Power Plant located ? *1*

(A) Karnataka

(B) Kerala

(C) Tamil Nadu

(D) Uttar Pradesh

17. Name the sea-port that was developed to relieve growing pressure on the Mumbai port. *1*

OR

Name the sea-port that was developed to relieve growing pressure on the Kolkata port. *1*

18. Fill in the blanks of the following table with suitable information : $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}=1$

Resource on the basis of exhaustibility

Resource	**Examples/Type**
(A)	Solar and Wind energy
(B)	Mineral and Fossil fuels

19. Suggest any one way to increase the income of the marginal farmers in India. *1*

20. Who among the following was proclaimed as the first German Emperor in 1871 ? *1*

(A) William I

(B) William II

(C) Friedrich Wilhelm I

(D) Friedrich Wilhelm IV

SECTION B

21. Describe any three characteristics of distribution of power between the Centre and States in India. $1\times3=3$

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

futuretopper.in

22. भारत में महिलाओं के प्रति भेदभाव के तरीकों का वर्णन कीजिए । *3*

अथवा

आधुनिक भारत में जाति की संरचना और जाति व्यवस्था में आए बदलावों का वर्णन कीजिए । *3*

23. "असंगठित क्षेत्रक में श्रमिकों के संरक्षण और सहायता की आवश्यकता है ।" इस कथन का मूल्यांकन कीजिए । *3*

अथवा

"निजी क्षेत्रक की गतिविधियों का प्रमुख उद्देश्य लाभ अर्जित करना होता है ।" इस कथन का मूल्यांकन कीजिए । *3*

24. "भारतीय रेलवे देश की अर्थव्यवस्था के साथ-साथ उद्योग व कृषि के तीव्र गति से विकास के लिए उत्तरदायी है ।" उदाहरणों सहित कथन की पुष्टि कीजिए । *3*

25. उन्नीसवीं शताब्दी के दौरान अंतर्राष्ट्रीय अर्थशास्त्रियों द्वारा बताए गए तीन प्रकार के प्रवाहों को स्पष्ट कीजिए । *1×3=3*

अथवा

अठारहवीं शताब्दी के अंत में भारत के कपड़ा निर्यात में गिरावट क्यों नहीं आई ? स्पष्ट कीजिए । *3*

26. निम्नलिखित उद्धरण को पढ़िए और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों का उत्तर दीजिए : *1+1+1=3*

स्रोत – बाग़ानों में स्वराज

महात्मा गाँधी के विचारों और स्वराज की अवधारणा के बारे में मज़दूरों की अपनी समझ थी । असम के बाग़ानी मज़दूरों के लिए आज़ादी का मतलब यह था कि वे उन चारदीवारियों से जब चाहे आ-जा सकते हैं जिनमें उनको बंद करके रखा गया था । उनके लिए आज़ादी का मतलब था कि वे अपने गाँवों से संपर्क रख पाएँगे । 1859 के इनलैंड इमिग्रेशन ऐक्ट के तहत बाग़ानों में काम करने वाले मज़दूरों को बिना इजाज़त बाग़ान से बाहर जाने की छूट नहीं होती थी, और यह इजाज़त उन्हें विरले ही कभी मिलती थी । जब उन्होंने असहयोग आंदोलन के बारे में सुना तो हज़ारों मज़दूर अपने अधिकारियों की अवहेलना करने लगे । उन्होंने बाग़ान छोड़ दिए और अपने घर को चल दिए । उनको लगता था कि अब गाँधी राज आ रहा है इसलिए अब तो हरेक को गाँव में ज़मीन मिल जाएगी । लेकिन वे अपनी मंज़िल पर नहीं पहुँच पाए । रेलवे और स्टीमरों की हड़ताल के कारण वे रास्ते में ही फँसे रह गए । उन्हें पुलिस ने पकड़ लिया और उनकी बुरी तरह पिटाई हुई ।

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

futuretopper.in

22. Describe the ways of discrimination faced by women in India. *3*

OR

Describe the changes in castes and caste system in modern India. *3*

23. "There is need for protection and support for the workers in the unorganised sector." Evaluate this statement. *3*

OR

"Activities in the private sector are guided by the main motive to earn profit." Evaluate this statement. *3*

24. "Railways in India bind the economic life of the country as well as accelerate the development of the industry and agriculture." Support the statement with examples. *3*

25. Explain the three types of movement or flows identified by the international economists in the nineteenth century. *1×3=3*

OR

Why did textile exports from India not decline in the late eighteenth century ? Explain. *3*

26. Read the extract given below and answer the questions that follows : *1+1+1=3*

Source – Swaraj in the Plantations

Workers too had their own understanding of Mahatma Gandhi and the notion of Swaraj. For plantation workers in Assam, freedom meant the right to move freely in and out of the confined space in which they were enclosed, and it meant retaining a link with the village from which they had come. Under the Inland Emigration Act of 1859, plantation workers were not permitted to leave the tea gardens without permission, and in fact they were rarely given such permission. When they heard of the Non-Cooperation Movement, thousands of workers defied the authorities, left the plantations and headed home. They believed that Gandhi Raj was coming and everyone would be given land in their own villages. They, however, never reached their destination. Stranded on the way by a railway and steamer strike, they were caught by the police and brutally beaten up.

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

futuretopper.in

(26.1) असम के बाग़ानी मज़दूरों के लिए 'स्वराज' की अवधारणा को स्पष्ट कीजिए ।

(26.2) बाग़ानी मज़दूरों की आज़ादी में बाधक के रूप में 1859 के इनलैंड इमिग्रेशन ऐक्ट को स्पष्ट कीजिए ।

(26.3) मज़दूरों के असहयोग आंदोलन में हिस्सा लेने के प्रमुख परिणाम को स्पष्ट कीजिए ।

27. औद्योगिक प्रदूषण किस प्रकार पर्यावरण को क्षति पहुँचाता है ? इसको रोकने के किन्हीं तीन उपायों को स्पष्ट कीजिए । *1+2=3*

28. समाज में संसाधनों के न्यायसंगत बँटवारे की महत्ता का वर्णन कीजिए । *3*

अथवा

मानव जीवन के लिए संसाधनों की आवश्यकता का वर्णन कीजिए । *3*

खण्ड ग

29. "लोकतांत्रिक व्यवस्था राजनीतिक समानता पर आधारित होती है ।" उदाहरणों सहित इस कथन की पुष्टि कीजिए । *5*

30. भारतीय अर्थव्यवस्था और रोज़गार में कृषि के योगदान का विश्लेषण कीजिए । *5*

31. भारत में आंतरिक लोकतंत्र की कमियों को दूर करने के किन्हीं पाँच उपायों का वर्णन कीजिए । *1×5=5*

32. "स्वयं सहायता समूह ग्रामीण क्षेत्रों के ग़रीबों को संगठित करने में मदद करते हैं ।" उदाहरणों सहित कथन की पुष्टि कीजिए । *5*

अथवा

"मुद्रा का इस्तेमाल हमारे दैनिक जीवन का बहुत बड़ा हिस्सा है ।" उदाहरणों सहित कथन की पुष्टि कीजिए । *5*

33. ऐसा क्यों कहा जाता है कि 1830 का दशक यूरोप में भारी कठिनाइयाँ लेकर आया ? कारणों को स्पष्ट कीजिए । *5*

अथवा

साम्राज्यवाद से जुड़कर राष्ट्रवाद किस प्रकार प्रथम विश्व युद्ध का कारण बना ? स्पष्ट कीजिए । *5*

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

futuretopper.in

(26.1) Explain the understanding of 'Swaraj' for plantation workers in Assam.

(26.2) Explain the Inland Emigration Act of 1859 as a barrier to freedom of plantation workers.

(26.3) Explain the main outcome of the participation of workers in the Non-Cooperation Movement.

27. How does industrial pollution harm the environment ? Explain any three measures to minimise industrial pollution. *1+2=3*

28. Describe the importance of an equitable distribution of resources in the society. *3*

OR

Describe the need of resources for human survival. *3*

SECTION C

29. "Democracy is based on political equality." Support the statement with examples. *5*

30. Analyse the contribution of agriculture in the Indian economy and employment. *5*

31. Describe any five measures to eradicate shortcomings of inner democracy in India. *1×5=5*

32. "Self Help Groups (SHGs) are the building blocks of organisation of the rural poor." Support the statement with examples. *5*

OR

"The use of money spans a very large part of our everyday life." Support the statement with examples. *5*

33. Why is it said that the 1830s were the years of great hardship in Europe ? Explain. *5*

OR

How did nationalism aligned with imperialism become the cause of the First World War ? Explain. *5*

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

futuretopper.in

34. निम्नलिखित स्रोतों को पढ़िए और उनके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : *5*

स्रोत A – विदेशी व्यापार और बाज़ारों का एकीकरण

व्यापार के खुलने से वस्तुओं का एक बाज़ार से दूसरे बाज़ार में आवागमन होता है । बाज़ार में वस्तुओं के विकल्प बढ़ जाते हैं । दो बाज़ारों में एक ही वस्तु का मूल्य एकसमान होने लगता है । अब दो देशों के उत्पादक एक-दूसरे से हजारों मील दूर होकर भी एक-दूसरे से प्रतिस्पर्धा कर सकते हैं । इस प्रकार, विदेशी व्यापार विभिन्न देशों के बाज़ारों को जोड़ने या एकीकरण में सहायक होता है ।

स्रोत B – वैश्वीकरण

वस्तुओं, सेवाओं, निवेशों और प्रौद्योगिकी के अतिरिक्त विभिन्न देशों को आपस में जोड़ने का एक और माध्यम हो सकता है । यह माध्यम है विभिन्न देशों के बीच लोगों का आवागमन । प्राय: लोग बेहतर आय, बेहतर रोज़गार एवं शिक्षा की तलाश में एक देश से दूसरे देश में आवागमन करते हैं । किन्तु, विगत कुछ दशकों में अनेक प्रतिबंधों के कारण विभिन्न देशों के बीच लोगों के आवागमन में अधिक वृद्धि नहीं हुई है ।

स्रोत C – विश्व व्यापार संगठन

यद्यपि विश्व व्यापार संगठन सभी देशों को मुक्त व्यापार की सुविधा देता है, परंतु व्यवहार में यह देखा गया है कि विकसित देशों ने अनुचित ढंग से व्यापार अवरोधकों को बरकरार रखा है । दूसरी ओर, विश्व व्यापार संगठन के नियमों ने विकासशील देशों के व्यापार अवरोधों को हटाने के लिए विवश किया है । इसका एक उदाहरण कृषि उत्पादों के व्यापार पर वर्तमान बहस है ।

(34.1) **स्रोत A – विदेशी व्यापार और बाज़ारों का एकीकरण**
विदेशी व्यापार बाज़ारों को कैसे एकीकृत करता है ?

(34.2) **स्रोत B – वैश्वीकरण**
वैश्वीकरण कैसे क्षेत्रों और महाद्वीपों में मानव गतिविधि का विस्तार कर रहा है ?

(34.3) **स्रोत C – विश्व व्यापार संगठन**
"विश्व व्यापार संगठन के कार्यों और विधियों ने मज़बूत बहस को जन्म दिया है ।" कथन पर अपने विचार स्पष्ट कीजिए ।

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

futuretopper.in

34. Read the following sources and answer the questions that follows : *5*

Source A – Foreign Trade and the Integration of Markets

With the opening of trade, goods travel from one market to another. Choice of goods in the markets rises. Prices of similar goods in the two markets tend to become equal. And, producers in the two countries now closely compete against each other even though they are separated by thousands of miles. Foreign trade thus results in connecting the markets or integration of markets in different countries.

Source B – Globalisation

Besides the movements of goods, services, investments and technology, there is one more way in which the countries can be connected. This is through the movement of people between countries. People usually move from one country to another in search of better income, better jobs or better education. In the past few decades, however, there has not been much increase in the movement of people between countries due to various restrictions.

Source C – World Trade Organisation

Though WTO is supposed to allow free trade for all, in practice, it is seen that the developed countries have unfairly retained trade barriers. On the other hand, WTO rules have forced the developing countries to remove trade barriers. An example of this is the current debate on trade in agricultural products.

(34.1) **Source A – Foreign Trade and the Integration of Markets**

How does foreign trade integrate markets ?

(34.2) **Source B – Globalisation**

How is globalisation expanding human activity across regions and continents ?

(34.3) **Source C – World Trade Organisation**

"The actions and methods of the WTO have evoked strong debate." Elucidate your views on the statement.

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

futuretopper.in

खण्ड घ

35. (a) दो स्थान 'A' और 'B' दिए गए **भारत** के राजनीतिक रेखा-मानचित्र (पृष्ठ 19 पर) में अंकित किए गए हैं । इन स्थानों को निम्नलिखित जानकारी की सहायता से पहचानिए और उनके सही नाम उनके निकट खींची गईं रेखाओं पर लिखिए : *1×2=2*

(A) वह स्थान जहाँ गाँधीजी ने नमक कानून तोड़ा ।

(B) वह स्थान जहाँ भारतीय राष्ट्रीय काँग्रेस का अधिवेशन हुआ ।

(b) इसी दिए गए **भारत** के राजनीतिक रेखा-मानचित्र में निम्नलिखित में से ***किन्हीं चार*** को उपयुक्त चिह्नों से दर्शाइए और उनके नाम लिखिए : *1×4=4*

(i) हीराकुड — बाँध

(ii) कानपुर — सूती वस्त्र उद्योग केन्द्र

(iii) काँडला — समुद्री पत्तन

(iv) सेलम — लोहा एवं इस्पात संयंत्र

(v) अमृतसर (राजा सांसी) — अन्तर्राष्ट्रीय हवाई पत्तन

(vi) हैदराबाद — सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क

नोट : *निम्नलिखित प्रश्न केवल **दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों** के लिए प्रश्न संख्या 35 के स्थान पर हैं । **किन्हीं छः** प्रश्नों के उत्तर लिखिए :*

(35.1) उस स्थान का नाम लिखिए जहाँ गाँधीजी ने नमक कानून तोड़ा ।

(35.2) गुजरात के उस स्थान का नाम लिखिए जहाँ किसानों ने 'सत्याग्रह' किया ।

(35.3) उस राज्य का नाम लिखिए जहाँ हीराकुड बाँध स्थित है ।

(35.4) उस राज्य का नाम लिखिए जहाँ मयूरभंज लौह अयस्क की खानें स्थित हैं ।

(35.5) मुम्बई हाई तेल क्षेत्र से संबंधित राज्य का नाम लिखिए ।

(35.6) उस राज्य का नाम लिखिए जहाँ सेलम लोहा एवं इस्पात संयंत्र स्थित है ।

(35.7) उस राज्य का नाम लिखिए जहाँ राजा सांसी हवाई पत्तन स्थित है ।

(35.8) पंजाब के उस स्थान का नाम लिखिए जहाँ सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क स्थित है । *1×6=6*

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

futuretopper.in

SECTION D

35. (a) Two places 'A' and 'B' are marked on the given political outline map of **India** (on page 19). Identify these places with the help of the following information and write their correct names on the lines marked near them : *1×2=2*

(A) The place where Gandhiji violated the salt law.

(B) The place where the Indian National Congress Session was held.

(b) Locate and label ***any four*** of the following with appropriate symbols on the same given political outline map of **India** : *1×4=4*

(i) Hirakud — Dam

(ii) Kanpur — Coton Textile Industrial Centre

(iii) Kandla — Sea-port

(iv) Salem — Iron and Steel Plant

(v) Amritsar (Raja Sansi) — International Airport

(vi) Hyderabad — Software Technology Park

Note : *The following questions are for the* ***Visually Impaired Candidates*** *only, in lieu of Q. No. 35. Attempt* ***any six*** *questions :*

(35.1) Write the name of place where Gandhiji violated the salt law.

(35.2) Name the place of Gujarat where the peasants started 'Satyagraha'.

(35.3) Name the State where Hirakud Dam is located.

(35.4) Name the State where Mayurbhanj Iron Ore Mines are located.

(35.5) Name the related State to Mumbai High Oil-field.

(35.6) Name the State where Salem Iron and Steel Plant is located.

(35.7) Name the State where Raja Sansi Airport is located.

(35.8) Name the place in Punjab where a Software Technology Park is located. *1×6=6*

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

FutureTopper India

प्रश्न सं. 35 के लिए

For question no. 35

